भारतकोकिंगकोललिमिटेड
'एक मिनीरत्नकंपनी'
(कोल इण्डियालिमिटेडका एक अंग)
जनसम्पर्कविभाग
कोयलाभवन, कोयलानगर
धनबाद– 826005, झारखण्ड
दूरभाष एवंफैक्स: 0326–2230202
वेबसाईट: www.bccl.gov.in
ईमेल: bcclprodhanbad@gmail.com
सीआईएन : **U10101JH1972GOI000918**

BHARAT COKING COAL LIMITED
'A Mini Ratna Company'
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Public Relations Department
KoylaBhawan, Koyla Nagar
Dhanbad- 826005, Jharkhand.
Phone & Fax: 0326-2230202
website: www.bccl.gov.in
email: bcclprodhanbad@gmail.com
CIN : U10101JH1972GOI000918

दिनांक 02.05.20107

प्रेस विज्ञप्ति

मई दिवस के अवसर दिनांक 01.05.2017 को बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री बी0 के0 पण्डा, निदेशक (वित्त) श्री के एस राजशेखर एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री देवल गंगोपाध्याय, महाप्रबन्धक (कार्मिक/कल्याण) श्री सोलोमन कुदादा, महाप्रबन्धक (श्रमशक्ति/नियुक्ति) श्री अजीत कुमार सिंह, महाप्रबन्धक (राजभाषा /वीआईपी) श्री राजपाल यादव, महाप्रबन्'धक (सिविल) आर एम प्रसाद, महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्री विकास कुमार, सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबन्धक श्री जे पी गुप्ता, विभागाध्यक्ष (विधि) श्री एम पी शस्त्री, एवं मुख्य महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक के अलावे श्रमिक प्रतिनिधियों में धनबाद के पूर्व विधायक तथा झारखण्ड सरकार मंत्री माननीय श्री मन्नान मल्लिक एवं बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमिक चैक रांगाटांड़ में स्थित श्रमिक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मई दिवस के अवसर पर बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के दो वरिष्ठ कर्मचारी सर्वश्री मो0 आलम, फोरमैन, साउथ तिसरा परियोजना, एवं श्री बढ़ो भुइयां को निदेशक (कार्मिक) श्री बी0 के0 पण्डा, निदेशक (वित्त) श्री के एस राजशेखर एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री देवल गंगोपाध्याय, द्वारा अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रातः 7.00 बजे से ही कोयला नगर स्थित शहीद स्मारक पर सर्वधर्म का आयोजन भी किया गया था

तत्पश्चात् कोयला नगर स्थित शहीद स्मारक के पास सभा स्थल पर बीसीसीएल के प्रभारी अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक श्री गोपाल सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री बी0 के0 पण्डा, निदेशक (वित्त) श्री के एस राजशेखर एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री देवल गंगोपाध्याय केन्द्रीय सुरक्षा बल के डी0आई0जी0 श्री यू0के0 सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया। उसके बाद प्रभारी अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक एवं निदेशकगणों द्वारा शहीद श्रमवीरों के सम्मान में पुष्पचक्र अर्पित कर पुष्पांजलि दी गयी। इसके साथ ही केन्द्रीय सलाहकार समिति, कल्याण बोर्ड, सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों, महाप्रबन्धकों, विभागाध्यक्षों, शहीद श्रमवीरों के आश्रितों तथा परिजनों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई।

तत्पश्चात् कोयला नगर सामुदायिक केन्द्र में अन्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में बीसीसीएल के प्रभारी अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने श्रमिक दिवस के अवसर पर उपस्थित श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा कि श्रमिक की मेहनत से ही कोई कंपनी को कामयाबी मिलती है बिना श्रमिक के कोई भी कंपनी आगे नहीं बढ़ सकती है तथा उन्होंने उपस्थित

अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि आप सभी के लगन एवं कड़ी मेहनत से ही कोल इण्डिया लिमिटेड द्वारा दिये गये उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त किया इसके लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं । उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह आप सबों का साथ मिला तो आगे भी इससे बेहतर उत्पादन कर कंपनी के लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई कठिनाई नही होगी ।

इस अवसर प्रभारी अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने कहा कि धनबाद शहर की पहचान बीसीसीएल से है इसलिए बीसीसीएल का दयित्व बनता है कि धनबाद के आस-पास रह रहे लोगों पर ध्यान देें तथा कोलियरी क्षेत्रों में रहने वाले श्रमिकों को पीने के पानी की व्यवस्था की जाय ताकि कोलियरियों के कालाॅनियों में रह रहे श्रमिकों को पीने का पानी की कमी न हो । इस दिशा में विशेष जोर देते हुए उपस्थित सभी क्षेत्रीय महाप्रबन्धकों को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में इस दिशा में विशेष ध्यान दें ।

उपरोक्त कार्यक्रम में प्रभारी अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने श्रमिकों के उत्थान के लिए कई उपाय भी बताये तथा उन्होंने कहा कि इसके कई कदम उठाये गये हैं ताकि मजदूरों को कोई परेशानी न हो इसके लिए मुख्यालय के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में समाधान केन्द्र खोले गये हैं ताकि श्रमिक अपनी शिकायतों को उक्त केन्द्र में अपना शिकायत दर्ज करायें जिसे प्रबन्धन प्राप्ति रसीद देते हुए तीस दिनों के अन्दर उनके द्वारा किए गये शिकायत से संबंधित उत्तर देना अनिवार्य हैं । इस सम्बन्ध में उपस्थित सभी क्षेत्रों के कार्मिक विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि कंपनी के नियमानुसार श्रमिक द्वारा दर्ज शिकायत का उत्तर हाँ हो या ना में हो , इसका उत्तर समय सीमा के अन्दर अवश्य दें । साथ ही साथ उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि बीसीसीएल के लाडले एवं बीसीसीएल की लाडली के अन्तर्गत दसवीं कक्षा विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग परीक्षा के तैयारी कराने के लिए 9 मई 2017 तय है जिसमें की गई जिसमें बीसीसीएल तथा धनबाद के आस-पास रहे बच्चे एवं बच्चियों को प्रोत्साहित करें ताकि अधिक से अधिक बच्चे भाग ले सकें तथा सफल बच्चे बच्चियों को बीसीसीएल के लाडले एवं बीसीसीएल के लाडली योजना के अन्तर्गत निःशुल्क कोचिंग दी जायेगी ।

उपरोक्त कार्यक्रम में प्रभारी अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक श्री गोपाल सिंह , निदेशक (कार्मिक) श्री बी0 के0 पण्डा, निदेशक (वित्त) श्री के एस राजशेखर एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री देवल गंगोपाध्याय केन्द्रीय सुरक्षा बल के डी0आई0जी0 श्री यू0के0 सरकार तथा केन्द्रीय सलाहकार समिति, कल्याण बोर्ड समिति एवं सुरक्षा बोर्ड समिति के द्वारा बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों को श्रमिक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया एवं इस अवसर पर पर्यावरण दर्पण मैगजीनका भी विमोचन किया गया ।

उपरोक्त कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक) श्री बी0 के0 पण्डा, निदेशक (वित्त) श्री के एस राजशेखर एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री देवल गंगोपाध्याय केन्द्रीय सुरक्षा बल के डी0आई0जी0 श्री यू0के0 सरकार के अलावा महाप्रबन्धक (असैनिक) श्री आर एम प्रसाद, महाप्रबन्धक (समनवय) श्री केशव गुप्ता, महाप्रबन्धक (कार्मिक/कल्याण) श्री सोलोमन कुदादा, महाप्रबन्धक(का) श्री उत्तम आईच, महाप्रबन्धक (का) श्री अजीत कुमार सिंह,महाप्रबन्धक(का/राजभाषा) श्री राजपाल यादव, महाप्रबन्धक (सीएमसी) श्री वाई तिवारी, सीएमएस, डा0 एस गोलास, उप महाप्रबन्धक (जन सम्पर्क) श्री आर आर प्रसाद, डा0 ई. वी आर राजू, एस एन सिन्हा, अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक के तकनीकी सचिव श्री एस के राय तथा शोहैल अहमद मुख्यालय के महाप्रबन्धक सभी क्षेत्रों के अधिकारी तथा कर्मचारी के साथ-साथ श्रमिक प्रतिनिधि श्री बच्चा सिंह, बिनोद मिश्रा, गोपाल मिश्रा, श्री आर तिवारी आदि उपस्थित थे ।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबन्धक (राजभाषा) श्री दिलिप सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबन्धक (कार्मिक/राजभाषा) श्री राजपाल यादव ने किया ।

उप महाप्रबन्धक (जन सम्पर्क)